Title: Regarding technical glitches in computer software utilized for the Pradhan Mantri Awas Yojana (Grameen) in Latur district, Maharashtra

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कम्प्यूटर साफ्टवेयर में कतिपय तकनीकी खराबियों के कारण काफी समय से योजना के अधीन योग्य व्यक्तियों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मुझे संबंधित अधिकारियों से पता लगा है कि साफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण बड़ी संख्या में योग्य दावेदारों के आवेदन अस्वीकृत हो रहे हैं । उदाहरण के लिए, मेरे लातूर जिले में योजना के तहत 152079 आवेदनों में से कम्प्यूटर से बड़ी संख्या में पात्र व्यक्तियों अर्थात् 29276 अभ्यर्थियों के आवेदन अस्वीकृत कर दिए हालांकि योजना के दिशा निर्देशों के तहत इनमें से अधिकांश अभ्यर्थी आवास के लिए सभी तरह की पात्रता रखते हैं । राज्य स्तर के अधिकारी साफ्टवेयर में हुई इस तकनीकी खराबी को ठीक करने में असमर्थ हैं । बड़ी संख्या में योग्य व पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन अस्वीकार होने के कारण यहां आम जनता में भारी असंतोष पैदा हो गया है ।

अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं तथा साफ्टवेयर में आई तकनीकि खराबी को शीघ्रातिशीघ्र ठीक किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि योजना के अधीन पात्र सभी उम्मीदवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए ।